तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि वनांचल भूमि

रायपुर, बुधवार 3 जुलाई 2024

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर

12 दिव्यांगजनों को प्रमाणपत्र, बैसाखी, ट्राइसिकल ...



13 इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के माध्यम से होगी जांच : न्यायाधीश



छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन
cgiti.cgstate.gov.in
बी.एम. आई.टी.आई.
कोपा इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि-03/07/24

# परिवहन विभाग ने 2325 वाहनों पर 63.51 लाख का किया जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर संभाग के विभिन्न सड़कों में वाहन चालक एवं मालिक बेखौफ परिवहन नियमों उल्लंघन कर रहे हैं। इस पर परिवहन विभाग के उड़नदस्ता प्रभारी की टीम ने वाहनों की जांच की जा रही है। इस पर माह जून में टीम ने 2325 वाहनों से 63.51 लाख रुपए का जुर्माना किया। इसमें से 1106 वाहनों से 19 लाख 28 हजार 300 रूपए का राजस्व वसूला। 18 वाहनों से बकाया टैक्स 8 लाख 89 हजार 552 रूपए, 199 ई-चालान से 13 लाख 87 हजार 500 रुपए भुगतान कराया। इसके अलावा परिवहन विभाग के चेक पोस्ट धनपूंजी में 970 वाहनों से 19 लाख 3 हजार 400 रूपए समझौता शुल्क वसूल किया और 32 ई-चालान में एक लाख 31 हजार 400 रुपए, टीपी एवं यानकर से एक लाख 11 हजार 035 रुपए की कार्रवाई की गई।

## परिवहन विभाग ने 18 वाहनों से बकाया टैक्स 8.89 लाख रुपए वसूला

उड़नदस्ता प्रभारी की टीम कर रही वाहनों की जांच



### 14 ओवरलोड वाहनों पर हुई कार्रवाई

*बताया जा रहा है कि संभाग की सभी सड़कों में सीमावर्ती राज्यों ओडिशा, आंधप्रदेश, महाराष्ट्र एवं तेलंगाना की वाहनों बेखौफ परिवहन नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ राज्य का टैक्स बिना दिए दूसरे राज्यों की वाहनें बैखौफ चल रही हैं। इसी दौरान 14 ओव्हरलोड वाहन पर कार्रवाई की और वाहनों से 3 लाख 14 हजार रुपए का राजस्व वसूला गया।*

### उल्लंघन पर कोर्ट भेजा जाएगा

उड़नदस्ता प्रभारी एवं निरीक्षक एसके झा ने बताया कि परिवहन नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालक एवं मालिक पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। ऐसे वाहनों के खिलाफ कोर्ट भेजा जाएगा।

## खबर संक्षेप



### फेसबुक आईडी से हिन्दू देवी-देवताओं का अपमान

**जगदलपुर।** हिंदू देवी-देवदाओं पर अभद्र टिप्पणी करते हुए समाज की धार्मिक भावनाओं को आहत किया गया। विद्वेषपूर्ण आशय से हिंदू देवी-देवताओं का अपमान किए जाने का मामला सामने आया है। जिसे लेकर मंगलवार को विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कर संबंधित के विरुद्ध तत्काल कार्रवाई की मांग की है। विहिप ने शिकायती पत्र में कहा कि हाट कचोरा निवासी अंसारअली अंसारी ने फेसबुक आईडी से विवादास्पद वीडियो पोस्ट किया था। जिसमे श्रवण दृश्य के माध्यम से हिंदू देवी देवताओं को गलत तरीके से दिखाया गया है। वीडियो में जिन दृश्यों का सहारा लेकर वीडियो बनाया गया है, वह समाज में वैमनस्यता को बढ़ावा देता है। पोस्ट से समाज में गलत संदेश को बढ़ावा न मिले इसके लिए युवक पर कानूनी कार्रवाई की मांग की गई। ताकि ऐसी मानसिक सोच के लोगों पर अंकुश लगाया जा सके और समाज में शांतिपूर्ण वातावरण बना रहे। इस दौरान जिला मंत्री अमनदीप शर्मा, बजरंग दल संयोजक घनश्याम नाग खिरेंद्रा दास, अनिल अग्रवाल, मुन्ना बजरंगी, सनी रैली, भवानी सिंह चौहान, विक्रम ठाकुर, रोहित, देव यादव, सुदेश, कैलाश ठाकुर गौरव ठाकुर व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### हार्डकोर महिला सहित दो नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण



**कोण्टा।** कोण्टा एरिया कमेटी सदस्य, एर्राबोर सिविल ऑर्गनाईजेशन कमाण्डर, पोलमपल्ली एलओएस कमाण्डर एवं सिविल ऑर्गनाइजेशन कमाण्डर के पदों पर सक्रिय रहे दो हार्डकोर नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। महिला और पुरुष नक्सली को आत्मसमर्पण के लिए प्रोत्साहित कराने में जिला पुलिस बल, डीआरजी सुकमा एवं 50वीं एवं 219 वीं वाहिनी सीआरपीएफ का विशेष प्रयास रहा। छत्तीसगढ़ शासन की नक्सल उन्मूलन एवं पुनर्वास नीति तथा नियद नेल्लानार योजना से प्रभावित होकर 5-5 लाख रुपए के ईनामी दो नक्सली सोड़ी गजेन्द्र उर्फ हड़मा और सोड़ी मंजूला उर्फ मड़कम मंजूला ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय सुकमा में सीआरपीएफ डीआईजी सूरजपाल वर्मा कोण्टा रेंज एवं सुकमा एसपी किरण चव्हाण के समक्ष बिना हथियार के आत्मसमर्पण किया है। दोनों आत्मसमर्पित माओवादियों को प्रोत्साहन राशि 25-25 हजार रूपये दिया गया। दोनों माओवादी कोंटा विकास खंड के अनेक थाना परिक्षेत्रों में कई बड़ी घटनाओं में शामिल थे।

खेत जा रहे किसान की मौत के बाद ग्रामीणों में रोष, वाहन छोड़ चालक हुआ फरार

# तेज रफ्तार टिप्पर ने बाइक को लिया चपेट में, युवा किसान की मौके पर मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

परपा थाना क्षेत्र के नियानार में मंगलवार सुबह तेज रफ्तार टिप्पर ने कृषि कार्य के लिए मजदूरों को लेने किसान के मोटरसाईकल को अपनी चपेट में ले लिया हादसे में युवा किसान की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद ग्रामीणों में रोष देखा जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि आए दिन तेज रफ्तार टिप्परों के चलते हादसे हो रहे है।

- परपा थाना क्षेत्र के नियानार मुख्य मार्ग की घटना

जानकारी के मुताबिक परपा थाना के ग्राम नियानार मुख्य मार्ग में सुबह तेज रफ्तार टिप्पर के चालक ने तेज रफ्तार व लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए बाईक को टक्कर मार दी हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद टिप्पर चालक ने वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची परपा पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पीएम के लिए मेकाज रवाना किया। वहीं पीएम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। परपा टीआई दिलबाग सिंह ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि धुरगुड़ा बीचपारा निवासी रघुनाथ नाग 45 वर्ष सुबह अपनी मोटरसाइकिल लेकर खेत में रोपा लगाने के लिए मजदूर लेने के लिए निकला था। वापसी के दौरान नियानार मोड़ के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार टिप्पर चालक ने रघुनाथ को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में युवा किसान रघुनाथ की बाइक टिप्पर के नीचे फंस गया और रघुनाथ दूर जा गिरा जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे जिन्हे आता देख टिप्पर चालक टिप्पर छोड़कर फरार हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस टिप्पर जब्त कर मामले की जांच कर रही है।



### नए कानून के मुताबिक परपा थाना में पहला मामला दर्ज

*सड़क दुर्घटना और चालक की मौत के बाद परपा थाना में नए कानून के मुताबिक धारा 304 ए की जगह 106 के तहत पहला मामला दर्ज किया गया। टीआई दिलबाग सिंह ने बताया कि नए कानून की नई धारा के मुताबिक मामला दर्ज कर आगे की जांच की जा रही है। वहीं घटना के बाद फरार टिप्पर चालक की तलाश की जा रही है। गौरतलब है कि नियानार व आसपास के क्षेत्र में संचालित खदानों से सामग्री टिप्परों में लोडकर भेजा जाता है। इन वाहन चालकों की लापरवाही का खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ता है।*

# पांचवें दिन बेटे के निजी जमीन पर मां का हुआ अंतिम संस्कार





हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर/तोकापाल

परपा थाना क्षेत्र के एर्राकोट में वृद्ध महिला की मौत के पांचवें दिन शव का अंतिम संस्कार किया गया। न्यायालय के गाइड लाइन के मुताबिक बेटे ने अपने निजी जमीन पर मां का ईसाई रीति रिवाज के अनुरूप अंतिम संस्कार किया। अंतिम संस्कार के दौरान गांव में भारी संख्या में जवानों की तैनाती की गई थी।

- ग्राम प्रमुखों ने एसडीएम व तहसीलदार को दिया ज्ञापन

गौरतलब है कि एर्राकोट निवासी पाण्डो कश्यप पति सुकड़ो कश्यप लगभग 70 वर्ष की चार दिन पूर्व शुक्रवार रात बीमारी के चलते मौत हो गई थी। मृतिका ईसाई धर्म को मानने वाले अपने छोटे बेटे रामलाल कश्यप के साथ रहती थी। मां का अंतिम संस्कार ईसाई रिती रिवाज के अनुरूप गांव में ही करने के लिए रामलाल न्यायालय की शरण में गया हुआ था जिसके बाद न्यायालय के गाईड लाईन के अनुरूप मंगलवार को पट्टे की जमीन पर शव का दफनाया गया। इस बीच शव को सुरक्षित डिमरापाल मेडिकल कॉलेज में रखवाया गया था। कोर्ट के निर्णय के बाद ग्राम प्रमुखों की सुबह बैठक हुई थी जिसमें गांव के निजी जमीन में शव को दफनाने सभी ने सहमति दे दी थी। इससे पूर्व ग्राम प्रमुखों ने गांव में ईसाई कब्रिस्तान के नहीं होने व ग्रामसभा का हवाला देते हुए गांव में शव को दफनाने देने से इंकार कर दिया था। बावजूद कोर्ट का सम्मान करते हुए ग्राम ⏭ शेष पेज 12 पर

### धर्म, जात, रीतिरिवाज व परम्परा के अनुरूप निर्णय नहीं

एर्राकोट में महिला की मौत के बाद कोर्ट के निर्णय पर निजी जमीन में अंतिम संस्कार किया जा रहा है, न्यायालय सभी के लिए है। इन मामलों में संविधान के अनुच्छेद के हिसाब से नहीं चलते हुए कानून के हिसाब से काम हो रहा है। यह निर्णय धर्म, जात, रीतिरिवाज व परम्परा के अनुरूप निर्णय नहीं हो रहा है और न ही ग्राम सभा के निर्णय को माना जा रहा है।
- **मानकूराम,** अध्यक्ष ग्रामसभा एर्राकोट

# एनएसयूआई ने मुख्यमंत्री और गृहमंत्री का किया पुतला दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

एनएसयूआई ने रायपुर में लोहंडीगुड़ा के 21 वर्षीय छात्र मंगल मुरिया की आपराधिक तत्वों द्वारा पीट- पीटकर हत्या व प्रदेश में लचर कानून व्यवस्था को लेकर मंगलवार को शहर के एसबीआई चौक में मुख्यमंत्री व गृहमंत्री का पुतला फूंक विरोध-प्रदर्शन किया गया। प्रदेश कांग्रेस के निर्देश पर शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष तथा बस्तर जिला एनएसयूआई के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन किया गया। सुशील मौर्य ने कहा कि मंगल मुरिया रायपुर के निजी विश्वविद्यालय में अध्यनरत था और आदिवासी समुदाय से आता है। प्रदेश के मुख्यमंत्री भी आदिवासी समाज से है। एक आदिवासी मुख्यमंत्री के राज में खुद आदिवासी सुरक्षित नहीं है। अपने परिवार का नाम रौशन करने गए मंगल मुरिया का शव भाजपा के राज में घर वापस आएगा, तो उसके परिजनों पर ⏭ शेष पेज 12 पर

- आदिवासी मुख्यमंत्री के होते आदिवासी सुरक्षित नहीं : मौर्य



### छग अपराध का बना गढ़

विशाल खम्बारी ने बताया कि जब से भाजपा की सरकार बनी है, छत्तीसगढ़ अपराध का गढ़ बन चुका है। रायपुर के एक निजी कॉलेज में पढ़ रहे आदिवासी छात्र को लिफ्ट मांगना भारी पड़ गया। सरेआम गाड़ी पर बैठाकर ले जाना और छीनाझपटी कर पीट-पीट कर मार दिया गया। इससे स्पष्ट है कि भाजपा राज में पुलिस निष्क्रिय है। प्रदेश सरकार में कानून नहीं जंगल राज चल रहा है जो सरकार की नाकामी को दर्शाता है।



# दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी नियमानुसार होंगे नियमित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

छत्तीसगढ़ लघुवेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ अध्यक्ष अनिल यादव एवं नीलकंठ साहू के नेतृत्व में मंगलवार को विधायक एवं भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण देव से उनके निवास में भेंट कर चर्चा की गई। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने कर्मचारियों की विभिन्न समस्या के निराकरण करने के लिए मांग पत्र सौंपा। जिसमें लोक निर्माण विभाग में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी जिनकी सेवानिवृत्ति पर सिर्फ पेंशन योजना का लाभ मिल रहा है, जबकि शासन के नियम के तहत उपादन राशि की भी पात्रता है। लेकिन विभाग के द्वारा कोई कार्रवाई नही किया जा रहा है। साथ ⏭ शेष पेज 12 पर

- कर्मचारियों ने समस्या के समाधान को लेकर विधायक को सौंपा ज्ञापन

नियद नेल्लानार योजना में चिन्हित पानीडोबीर गांव का होगा विद्युतिकरण

# 63 घरों के लिए 11 केवी 6 एलटी की एक किमी बिछेगी विद्युत लाइन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर संभाग के कांकेर जिले अंतर्गत कोयलीबेड़ा के ग्राम पानीडोबीर विद्युतिकरण के लिए नियद नेल्लानार योजना में चिन्हित किया गया। इसके चलते गांव के घरों में रोशन के लिए 11 केवी 6.3 किमी एवं एलटी की 1.2 किमी विद्युत लाइन बिछाई जाएगी। साथ ही इसके लिए 3 ट्रांसफार्मर भी लगाए जाएंगे। इससे 42 बीपीएल, 15 घरेलू अस्थायी पंप, स्वास्थ्य केन्द्र, स्कूल में बिजली पहुंचेगी। बताया जा रहा है कि शासन की ओर से घर को बिजली से रोशन करने का निर्देश दिया गया था। जिसके चलते विद्युत कंपनी द्वारा सर्वे कर हर गांव एवं घर को रोशन करने में जुटा हुआ है। इससे विद्युत लाइन बिछा रहे हैं और जरूरत हो तो ट्रांसफार्मर एवं उपकेन्द्रों का निर्माण किया जा रहा है। साथ ही बंद बिजली की शिकायत पर स्थल में अधिकारी एवं कर्मचारी पहुंच कर बिजली बहाल कर रहे हैं, जिससे उपभोक्ताओं को परेशानी नहीं हो सके।



### अधिकारी व कर्मियों को दिए निर्देश

विद्युत कंपनी जगदलपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक एसके ठाकुर ने बताया कि ग्राम पानीडोबीर के विद्युत लाइन नेटवर्क निरीक्षण के दौरान वहां पर उपस्थित अधिकारी, कर्मचारियों को निर्देशित किया गया। विद्यमान सिंगल फेज टू वायर का कन्वर्शन कर थ्री फेज फोर वायर तार लगाया जाए। साप्ताहिक बाजार एवं पब्लिक स्थान पर पर्याप्त प्रकाश के लिए पोल लगाया जाए। पोल टू पोल सर्वे किया जाकर सर्विस वायर, मीटर की जांच कर सभी रहवासियों को अनवरत एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

भाजयुमो ने फूंका राहुल का पुतला, की जमकर नारेबाजी

# हिन्दू हिंसक है, यह बयान भारत की आत्मा पर वार है : किरण देव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के संसद में हिन्दुओं की आस्था पर चोट पहुंचाने वाले विवादित बयान के विरोध में भाजयुमो ने मंगलवार को गोल बाजार चौराहे में पुतला दहन किया। जिसमें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव शामिल हुये। हिन्दुओं को हिंसक कहे जाने से आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की और राहुल गांधी का पुतला फूंक कर विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण देव ने कहा कि संसद के पटल में राहुल गांधी के द्वारा दिये गये बयान की जितनी भी निंदा की जाये कम है। उन्होंने जानबूझकर हिन्दू समाज की भावनाओं को आहत किया है। हिन्दू हिंसक है, यह बयान भारत की आत्मा पर वार है। उन्होंने कहा कि करोड़ों हिन्दुओं की भावनाओं का अनादर कांग्रेस ने किया है। कांग्रेस और उनके शीर्ष नेता हमेशा हिन्दू धर्म और हिन्दुओं का विरोध करते आये हैं, यह किसी से छिपा नहीं है। राहुल गांधी के विवादित बयान का पुरजोर विरोध भारतीय जनता पार्टी करती है। कांग्रेस को अपने ऐसे कृत्य के लिये क्षमा मांगनी चाहिये। राहुल गांधी का पुतला दहन कर कार्यकर्ताओं ने कड़ा विरोध जताया। भाजयुमो जिलाध्यक्ष अविनाश श्रीवास्तव ने भी कड़े शब्दों में निंदा की है।

- राहुल ने जानबूझकर कर दिया विवादित बयान, हमेशा हिन्दुओं का विरोध करती आयी है कांग्रेस



### ये हुए शामिल

*इस दौरान पूर्व विधायक सुभाऊ राम कश्यप, संतोष बाफना समेत विद्याशरण तिवारी, महापौर सफीरा साहू, श्रीनिवास मिश्रा, श्रीधर ओझा, संजय पाण्डेय, वेदप्रकाश पांडे, रजनीश पानीग्राही, नरसिंह राव, आलोक अवस्थी, सुरेश गुप्ता, यशवर्धन राव, दिगंबर राव, संग्राम सिंह राणा, मनीष पारेख, राजपाल कसेर, अतुल कौशल, प्रकाश रावल, महिला मोर्चा अध्यक्ष सुधा मिश्रा, भारती श्रीवास्तव, ममता पोटाई, अनिल अग्रवाल, विक्रांत यादव, नरेश पानीग्राही, योगेश शुक्ला, शशिनाथ पाठक, अभय दीक्षित, योगेश ठाकुर समेत अन्य नेता कार्यकर्ता शामिल रहे।*

## पाठक सूचना

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124

कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124

सुकमा
मो. 9425260296, 9131893124

दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124

बीजापुर
मो. 9131893124

## खबर संक्षेप



### गिरोला पोस्टमेन रामदयाल को सेवानिवृत्ति पर दी गई विदाई

कोण्डागांव। उपडाकघर कोंडागांव के शाखा डाकघर गिरोला में विगत 46 वर्षों से कार्यरत सहायक शाखा डाकपाल राम दयाल नाग को उनके 65 वर्ष पूर्ण हो गए। रिटायरमेंट पर 1 जुलाई सोमवार को पोस्ट ऑफिस कोंडागांव में शाल- श्रीफल भेंट कर भावभीनी विदाई दी गई। इस मौके पर उप संभागीय निरीक्षक आरएस मिश्रा ने कहा उन्होंने डाक विभाग मे ग्रामीण डाक सेवक के रूप में कुल 46 वर्ष सेवा दी। 46 वर्ष तक सेवा देना अपने आप में मायने रखती है। डाक विभाग उनकी सेवा को हमेशा याद रखेगा। पूरे डाकघर परिवार की ओर से उनके अच्छे स्वास्थ्य व दीर्घायु होने की कामना करता हूं। कार्यक्रम में डाकघर के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

### फरसूराम सलाम बने अध्यक्ष



केशकाल। गोंडवाना समाज भवन केशकाल में सर्वआदिवासी समाज की गत दिवस बैठक हुई। नये अध्यक्ष चुनाव के संबध में विचार विमर्श कर चुनाव प्रक्रिया प्रारंभ की गई। समाज के प्रगतिशील किसान एवं कृषकों के हितार्थ आवाज उठाने के साथ आदिवासी हरिजन पिछड़ा वर्ग के हित व हक के लिए सदैव सेवा में समर्पित रहने वाले फरसूराम सलाम का नाम अध्यक्ष पद के लिए प्रस्तावित किया गया। जिसका सभी ने समर्थन करके अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया। बैठक में गोंड समाज हल्बा समाज एवं आदिवासी वर्ग में आने वाले अन्य जाति समाज के प्रतिष्ठितजन उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि फरसूराम सलाम गोंडवाना समाज कोंडागांव जिला के उपाध्यक्ष , अनुसूचित जाति जनजाति पिछड़ा वर्ग मूल निवासी संघ जिला कोंडागांव अध्यक्ष के पद का दायित्व पूर्व से ही बखूबी निर्वाह करते आ रहे हैं।

### शिक्षक के प्रयास से छात्र को लगा कृत्रिम हाथ

कोण्डागांव। जिले के पदरपारा दिव्यांग छात्र नवलु को शिक्षक शिवचरण के प्रयास से रायपुर में कृत्रिम हाथ लगाया गया। 11 साल की उम्र में छात्र ने एक हादसे में अपना एक हाथ खो दिया था। छात्र पिछले वर्ष कोंडागांव जिले के हायर सेकंडरी स्कूल मडानार में 12वीं का छात्र था। छात्र को कृत्रिम हाथ लगवाने शिक्षक दो साल से प्रयासरत थे। शिक्षक शिवचरण साहू ने उदयपुर राजस्थान की नारायण सेवा संस्था की मदद से छात्र को कृत्रिम हाथ लगवाया। शिक्षक शिवचरण साहू ने बताया कि छात्र नवलू को उन्होंने बचपन से पढाया है। 11 साल की उम्र में दुर्घटना के चलते उसका एक काटना पड़ा था।



### स्वयंसेवकों एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण



कोण्डागांव। कलेक्टर कुणाल दूदावत के मार्गदर्शन में जिले में संचालित युवोदय कोंडानार चेम्स स्वयंसेवकों का लगातार क्षमतावर्धन किया जा रहा है। यूनिसेफ और छत्तीसगढ़ एग्रीकॉन समिति के सहयोग से 2 जुलाई को जिला कार्यालय में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में मानसिक स्वास्थ्य की राज्य समन्वयक सुश्री दानिश खातून हुसैन ने युवोदय स्वयंसेवकों और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को मानसिक स्वास्थ्य के लिए प्रथम सहायता उपचार के लिए प्रशिक्षित किया। दुख और परेशानी से ग्रस्त व्यक्ति की सहायता प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य था। जिला समन्ववयक पॉल कुमार ने कहा कि 'मैं हूं ना' थीम के तहत स्वयंसेवकों को मन मित्र के रूप में समुदाय में सेवा देने के लिए प्रशिक्षित किया गया। इस प्रशिक्षण में मानसिक स्वास्थ्य और शारीरिक स्वास्थ्य के बीच के अंतर को समझा और मन मित्र के रूप में आवश्यक सावधानियों को सीखा।

### आयुष्मान महाअभियान में कल बनवा सकेंगे आयुष्मान कार्ड

कोण्डागांव। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत सभी छूटे हुए लोगों का आयुष्मान कार्ड प्राथमिकता के साथ तैयार किया जा रहा है। इसी कड़ी में 4 जुलाई को आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए महाअभियान चलाते हुए आयुष्मान कार्ड से छूटे हुए हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए सभी कोंडागांव नगर पालिका सहित सभी नगर और ग्राम पंचायतों में शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरके सिंह ने आयुष्मान कार्ड से वंचित सभी हितग्राहियों से अपील की है कि वे अपना राशन कार्ड एवं आधार कार्ड लेकर अपने क्षेत्र के स्वास्थ्य कार्यकर्ता, मितानिन या ग्राम पंचायत सचिवों से संपर्क कर 4 जुलाई को आयुष्मान महाअभियान में अपना आयुष्मान कार्ड बनवा सकतें हैं।



## जोन्दरा पदर में पढ़ाई तिहार आयोजित, सक्रिय माता का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

- अंगना म शिक्षा पढाई तिहार का हुआ आयोजन
- सक्रिय माता के खिताब से नवाजी गई बिजिया बाई

*प्राथमिक शाला जोन्दरापदर में स्कूल शिक्षा विभाग की महत्वपूर्ण योजना अंगना म शिक्षा पढ़ाई तिहार का आयोजन 2 जुलाई को किया गया। प्रधान पाठक मधु तिवारी ने स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को की माताओं को भाषा, गणित की पूर्व तैयारी शारिरिक, मानसिक बौद्धिक उन्मुखीकरण कर घर में भी बच्चों को पढाने के लिए रोचक गतिविधियां करवाई। कहानी सुनाना, चित्र देखकर बताना, क्रम से जमाना, मौखिक जोड़ घटाना आदि गतिविधियों से बच्चों और माताओं को जोड़ा। इसका उद्देश्य बच्चों की माताओं को शाला से जोड़ने के साथ–साथ घर में ही अपने बच्चों के पढ़ाई के प्रति रुचि जागृत करना घर में ही उपलब्ध संसाधनों से पढाई करने के लिए प्रेरित करना है। इस अवसर पर सक्रिय माताओं को सम्मानित कर स्मार्ट माता के खिताब से नवाजा। पढ़ाई तिहार में माता बच्चों सहित स्कूल के शिक्षक उपस्थित रहे।*

### आयोजन : केशकाल में आयोजित तीन दिवसीय स्वास्थ्य शिविर में उमड़ा जनसैलाब

## दिव्यांगजनों को प्रमाणपत्र, बैसाखी, ट्राइसिकल और स्वचलित बैटरी साइकिल का किया वितरण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

- दूरस्थ अंचल के ग्रामीणों ने लिया लाभ

विकासखण्ड केशकाल के शासकीय कन्या शाला केशकाल में तीन दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जीवनदीप समिति केशकाल के तत्वावधान में कराये गए मेगा हेल्थ कैंप में 30 से भी अधिक प्रतिष्ठित डाक्टरों की टीम मौजूद रही। शिविर का लाभ जिले में पांचों विकासखण्ड को मिला। शिविर में आने वाले लाभार्थियों का डाक्टरों की टीम द्वारा जांच की गई। साथ ही गंभीर बीमारीयों से ग्रस्त लोगों का पंजीयन उच्च संस्था में रिफर के लिए किया गया। शिविर में जिला अस्पताल कोण्डागांव के अतिरिक्त जिला अस्पताल एंव मेडिकल कॉलेज कांकेर, जगदलपुर, धमतरी के विशेषज्ञ डॉक्टर उपस्थित रहे। इनके अतिरिक्त प्राइवेट संस्था से एमएमआई एवं मित्तल अस्पताल रायपुर के विशेषज्ञ शिविर में अपना योगदान दिया।

### शिविर में 3088 मरीज हुए शामिल

विकासखण्ड केशकाल के खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. डी. के. बिसेन के अनुसार 29 जून से 1 जुलाई 2024 तक चलने वाले इस शिविर में दिव्यांगजनों को दिव्यांग प्रमाण पत्र तथा बैशाखी, ट्राई साइकिल एवं स्वचालित बैटरी सायकल का वितरण किया गया। स्वास्थ्य शिविर में आये हितग्राहियों का चिकित्सीय सुविधा के अतिरिक्त राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड निर्माण किया गया। शिविर में दंत चिकित्सक, नेत्र रोग विशेषज्ञ, शिशुरोग, स्त्री रोग, हृदय रोग, कैंसर रोग, चरम रोग, ई.एन.टी, निश्चेतना विशेषज्ञ, हडडी रोग विशेषज्ञ, रेडियोलोजिस्ट, आयुषचिकित्सक, फिजियोथैरेपिस्ट, टी. बी. रोग विशेषज्ञ एवं एम. डी मेडिसिन उपलब्ध रहे। शिविर में 3088 मरीज शामिल हुए। इनके अतिरिक्त सामान्य एवं मौसमी बिमारी के बहुत से मरीजों का तत्काल उपचार कर निःशुल्क दवाई का वितरण किया गया। यहां 612 की लैब जांच, 1284 को दवाई वितरण, 127 दन्त चिकित्सा, 421 नेत्र चिकित्सा, 492 आयुर्वेदिक चिकित्सा, 128 शिशुरोग, 243 स्त्री रोग, 29 हृदय रोग के मरीजों ने उपचार के लिए पंजीयन कराया।



### चिकित्सक, स्वास्थ्यकर्मी और स्वयंसेवकों को विधायक ने किया सम्मानित

केशकाल में आयोजित तीन दिवसीय मेगा हेल्थ कैंप में सेवाएं प्रदान करने वाले चिकत्सक, स्वास्थ्यकर्मी और स्वयंसेवकों को केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम ने सम्मानित किया। इस अवसर पर विधायक श्री टेकाम ने कहा कि केशकाल में आयोजित मेगा हेल्थ कैंप का लाभ क्षेत्र के दूरस्थ अंचल के लोगों को मिला। इस प्रकार के आयोजन और अधिक होना चाहिए। ग्रामीण जागरूकता के अभाव में समय पर रोग का उपचार नहीं करवा पाते है और रोग की गंभीरता बढ़ जाती है, उन्हें इस शिविर का बेहतर लाभ मिला।



### इनका रहा योगदान

*स्वास्थ्य शिविर में केशकाल विधानसभा क्षेत्र के विधायक नीलकंठ टेकाम एवं नगर के निर्वाचित जनप्रतिनिधि, समाज सेवी उपस्थित रहे। इनके साथ तहसीलदार केशकाल, नगरपंचायत अध्यक्ष रोशन जमीर व मुख्य नगरपालिका अधिकारी एवं जनपद पंचायत केशकाल के अध्यक्ष महेन्द्र नेताम तथा मुख्य कार्यापालन अधिकारी व अन्य विभाग के अधिकारी–कर्मचारी शिविर में शामिल होकर सहयोग प्रदान किया। कलेक्टर कुणाल दुदावत तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आर.के. सिंह ने शिविर के सफलता की सरहाना करते हए भविष्य में और शिविर कराने तथा जन सामान्य को स्वास्थ्य सेवा पंहुचाने का प्रयास करने हेतु कहा।*

## बीमा कंपनी उपभोक्ता को देगी 2 लाख की क्षतिपूर्ति




हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा मंगलवार को एक प्रकरण में उपभोक्ता को यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी द्वारा 2 लाख रूपए की क्षतिपूर्ति और 10 हजार रुपए का जुर्माना अदा किए जाने का आदेश पारित किया गया है। यह आदेश आयोग की अध्यक्ष सुजाता जसवाल, सदस्य आलोक कुमार दुबे और सीमा गोलछा की संयुक्त खंडपीठ ने दिया।

न्यायालयीन सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर निवासी अविनाश कश्यप ने अपनी महिंद्रा एक्सयूवी वाहन का बीमा यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी से करवाया था। उपभोक्ता की उक्त वाहन नेल्लूर आंध्र प्रदेश में दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिसकी सूचना आवेदक द्वारा बीमा कंपनी को प्रदान कर क्षतिपूर्ति राशि की मांग की गई थी। बीमा कंपनी द्वारा सर्वेयर नियुक्त कर क्षतिग्रस्त वाहन में क्षति राशि का आंकलन करवाया गया था, पर सर्वेयर द्वारा आंकलित राशि वास्तविक क्षतिराशि से अत्यंत कम होने के कारण परिवादी द्वारा पुनः क्षतिदावा की जांच करने की मांग की गई थी, जिसे बीमा कंपनी द्वारा निरस्त कर दिया गया था। जिसे क्षुब्ध होकर आवेदक द्वारा जिला उपभोक्ता आयोग के समक्ष शिकायत पेश की गई थी, जिस पर सुनवाई करते हुए जिला उपभोक्ता आयोग ने माना कि बीमा कंपनी के सर्वेयर की रिपोर्ट अंतिम और अंतिम शब्द नहीं है और ऐसी रिपोर्ट ना तो बीमाकर्ता और ना ही बीमा धारक के लिए बाध्यकारी है। बीमा कंपनी द्वारा आवेदक को क्षतिराशि प्रदान न कर सेवा में कमी एवं व्यावसायिक कदाचरण किया गया है। इस हेतु बीमा कंपनी को 10 हजार रूपए के अर्थदंड से दंडित भी किया गया है।

## भ्रष्टाचार की एटीएम है जिला पंचायत अध्यक्ष : धीरेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दंतेवाड़ा




जिला पंचायत अध्यक्ष तुलिका कर्मा का विधायक आवास पर सवाल खड़े करना, उनके लिए ही मुसीबत बन रहा है। विधायक आवास के निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार नहीं हुआ है। वहां तो साफ शुद्ध कार्य चल रहा है, जो नगरवासियों को भी दिख रहा है। कांग्रेस शासन काल में जिला पंचायत अध्यक्ष तूलिका कर्मा ने क्या-क्या किया है, उन सभी भ्रष्टाचारों का खुलासा होगा। जिला पंचायत अध्यक्ष तूलिका तो भ्रष्टाचार की एटीएम है। कांग्रेस के शासन काल में जिला पंचायत अध्यक्ष ने भ्रष्टाचार करने में कोई कसर नही छोड़ी है। उनके द्वारा किए गए सभी भ्रष्टाचार की जांच होगी और कड़ी कार्रवाई की जाएगी। यह बातें भाजपा जिला महामंत्री धीरेंद्र प्रताप सिंह ने प्रेस वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि तूलिका कांग्रेस को डुबाने के लिए काफी है। नगर में वोट बैंक तो बचा नहीं है। अब ग्रामीण क्षेत्र में बची कांग्रेस की राजनैतिक जमीन को भी बंजर करने का प्रयास कर रही है। वे जिस विधायक निवास पर सवाल खड़े कर रही है, पहले खुद का भी तो आंकलन कर लें। अभी वे जहां निवासरत है वह बंगला जज का था। अपने परिवार के आवासों पर भी ध्यान केंद्रित करें और लोगों के सामने रखें, क्या वाकई में जितने बंगले मिले वे जायज हैं। घोटालों को लेकर धीरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि आदिवासी विकास विभाग की सप्लाई का घोटाला किसी से छिपा नहीं है। शिक्षा विभाग में भी कोई कसर नहीं छोड़ी गई।

### रेस्ट हाउस आवंटन विधायक के लिए राजनीतिक मुद्दा नहीं : अवधेश

रेस्ट हाउस को रेनोवेट कर वर्तमान में अस्थाई रूप से विधायक बंगला बनाया गया है। जिसे लेकर विपक्ष में खासी नाराजगी देखी जा रही है। इस बात को लेकर कांग्रेस जिलाध्यक्ष अवधेश गौतम ने हरिभूमि से चर्चा में कहा कि रेस्ट हाउस आबंटन विधायक के लिए राजनीतिक मुद्दा नहीं है। सुरक्षा व प्रशासनिक तौर पर विधायक के लिए जिला मुख्यालय में बंगला आबंटन करना अति आवश्यक था। वर्तमान में विधायक के लिए उनकी श्रेणी का बंगला नहीं होने के कारण प्रशासन ने रेस्ट हाउस को रेनोवेट कर अस्थाई रूप से बंगला आबंटित कर उन्हें रहने दिया है। रेस्ट हाउस में बैडमिंटन कोर्ट और स्वीमिंग पुल यथावत नगरवासियों के लिए संचालित है। ऐसे में इस निर्णय से किसी को परेशानी नहीं होनी चाहिए। जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन द्वारा विधायक के सुरक्षा के दृष्टिकोण से विश्राम भवन आबंटन न्याय संगत है।

## जमीन हेराफेरी के आरोपी आरआई और पटवारी निलंबित

- गड़बड़ी में शामिल भाजपा नेता व अन्य आरोपी फरार

जगदलपुर। शहर के हवाई अड्डे के पीछे एक कारोबारी के रजिस्ट्री निजी जमीन को भू-माफियाओं के साथ सांठगांठ कर फर्जी तरीके से बेचने के मामले में कलेक्टर ने कार्रवाई करते आरआई प्यारेलाल पैकरा और पटवारी विनायक ठाकुर को निलंबित कर दिया है। शहर में यह मामला पिछले दो माह से सुर्खियों में है। बोधघाट पुलिस थाना में एफआईआर दर्ज किया गया है पुलिस जांच कर रही है। बोधघाट पुलिस के मुताबिक एयरपोर्ट के पीछे करोड़ों की जमीन को भूमिमाफियों के साथ मिलकर आरआई और पटवारी ने राजस्व दस्तावेजों में छेड़छाड़ कर दूसरे के नाम चढ़ा दिया था। इस फर्जीवाड़े में भाजपा का जमीन कारोबारी हरबंधु ठाकुर समेत सभी आरोपी फरार हैं।

### शो-काज का जवाब अब तक नहीं

इस मामले में पहले से ही आरआई और पटवारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज है। विभाग से दोनों कर्मियों को शो-काज नोटिस दिया गया है,जिसका आज पर्यन्त जवाब नहीं आया है। इसलिए दोनों के विरुद्ध कार्रवाई करते तत्काल निलंबन की कार्रवाई की गई है। गड़बड़ी हुई या नही विभागीय जांच के बाद स्पष्ट होगा। - विजय दयाराम के. कलेक्टर बस्तर

## जिला चिकित्सालय राष्ट्रीय स्तर पर हुआ सम्मानित

कोण्डागांव। जिला अस्पताल कोंडागांव को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक कार्यक्रम के अंतर्गत सम्मानित किया गया। 28 जून को नयी दिल्ली मे स्वास्थ्य राज्यमंत्री श्रीमती अनुप्रिया की अध्यक्षता में आयोजित राष्ट्रीय स्तर के समारोह में राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक कार्यक्रम के अंतर्गत सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक कार्यक्रम के अंतर्गत जिला चिकित्सालय कोंडागांव का मूल्यांकन दिसंबर 2023 मे राष्ट्रीय दल द्वारा लगातार 3 दिनों तक किया गया था उक्त मूल्यांकन में अस्पताल के 17 विभाग गुणवत्ता के विभिन्न पैमानों मे खरे पाए गए थे। अस्पताल को कुल 91 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए थे। नयी दिल्ली की नेशनल हेल्थ सिस्टम रिसोर्स सेंटर टीम द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य मे एनक्यूएएस सर्टिफाइड 14 जिला अस्पतालों मे से सिर्फ कोंडागांव जिला अस्पताल को ही चयनित किया गया। कलेक्टर कुणाल दुद्वावत ने जिला अस्पताल को सम्मानित किए जाने पर अस्पताल प्रबंधन को बधाई दी। जनता को निरंतर बेहतर से बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करने के लिए निष्ठा एवं लगन के साथ कार्य करने के लिए जिला प्रशासन की ओर से निरंतर सहयोग प्रदान करने की बात कही।



## पेज 11 के शेष

### पांचवें दिन बेटे...

प्रमुखों ने निजी जमीन में शव को दफनाने अपनी सहमति दी जिसके बाद दोपहर में अतिंम संस्कार कर दिया गया।

सौंपा ज्ञापन : गांव में मृतिका के शव का जिस समय अतिंम संस्कार किया जा रहा था उसी समय एर्राकोट के काफी संख्या में मौजूद ग्रामीणों ने ब्लॉक मुख्यालय तोकापाल पहुंचकर एसडीएम सुब्रत प्रधान व तहसीलदार यशोदा केतारप को ज्ञापन देकर शव का अतिंम संस्कार गांव में न करते हुए ईसाई कब्रिस्तान में करने की मांग की। ग्रामीणों ने ज्ञापन में बताया कि मृतिका पाण्डो का 28 जून को मृत्यु हुई थी। चूकिं मृतिका ईसाई धर्म को मानती थी और बेटा उसका क्रियाक्रम उनके सामाजिक कब्रिस्तान में किया जाए। इस सबधं में ग्रामीणों ने ग्राम प्रमुख मानकू कवासी की अध्यक्षता में ग्राम सभा का आयोजन कर मृतिका के परिजनों को बुलाया था लेकिन वे लोग बैठक में नहीं आए थे। ग्रामीणों का कहना है कि जिस तरह न्यायालय के निर्देश पर निजी जमीन में शवों को दफनाया जा रहा है इससे एर्राकोट व आसपास के क्षेत्रों में विरोध का माहौल उत्पन्न हो रहा है और तनाव की स्थिति उत्पन्न हो रही है ऐसे में शव को ईसाई कब्रिस्तान में ही दफनाया जाना चाहिए।

### एनएसयूआई ने ...

क्या बीतेगी। इसका जवाब मुख्यमंत्री व गृहमंत्री को देना चाहिए। यह घटना बेहद निंदनीय है। आज इसी घटना के विरोध में पुतला दहन किया गया। इस दौरान उदय नाथ जेम्स, राजेश राय, कोमल सेना, ललिता राव, सूर्या पानी, रोजवीन दास, जावेद खान, शुभम यदु, आभास महंती, राजा तिवारी, अल्ताफ उल्लाह खान, जाहिद हुसैन, निकेत राज, विजेंद्र ठाकुर, ईश्वर बघेल, राजा कश्यप, विक्की नायडू, पापिया गाईन, असीम सुता, विक्रांत सिंह, रोहित पानीग्राही, आदित्य बिसेन, महेश द्विवेदी, अरुण गुप्ता, गोलू कश्यप, विजय ध्रुव, गौरव अयंगेर, अंकित सिंह समेत अन्य कांग्रेसी शामिल हुए।

अपराधियों के हौसले बुलंद : नीलम कश्यप ने कहा कि भाजपा सरकार में लगातार बढ़ रही हत्याएं, लूटमार, चोरी, अपहरण जैसी घटनाओं का पनपना सरकार की लचर कानून व्यवस्था का परिचायक है। मंगल मुरिया ने अपना पिन नंबर नहीं बताया तो उसे अपराधिक तत्वों ने मार डाला क्या यही है, कानून का राज है। जहां रास्ता पूछने पर एक कॉलेज के छात्र को मार दिया जाता है। भाजपा की सरकार अपराधियों को सरंक्षण देने का कार्य कर रही है।

### दैनिक वेतनभोगी...

ही आदिम जाति कल्याण विभाग में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को नियमित करने सहित लोक निर्माण विभाग, पीएचपी, शिक्षा विभाग सहित अन्य विभाग में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी को नियमित करने की मांग की जा रही है। दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी को श्रम सम्मान राशि जो शासन से 4000 रुपए मिलता है उसे मासिक वेतन में जोड़ कर भुगतान करवाने सहित चतुर्थ वर्ग कर्मचारी को ग्रेड पे बढ़ोतरी सहित अन्य समस्या के निराकरण करने के लिए चर्चा किया गया। विधायक ने संघ को आश्वस्त करते कहा कि जो भी मांग है उसे नियमानुसार किया जाएगा। इस दौरान विनोद पाणिग्रही, हीरामन सिंग, पीडब्ल्यूडी अध्यक्ष तिलक राम, विक्रम चौहान, कांति ठाकुर समेत अन्य विभाग के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी एवं नियमित कर्मचारी उपस्थित थे।

### बीटीओए के सदस्य बड़ी संख्या में दंतेवाड़ा पहुंचे, दोनों पक्षों की सहमति

## बीटीओए संस्था का चुनाव प्रशासन की मध्यस्थता में होगा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| किरंदुल

- विधायक व कलेक्टर से मिल संस्था में चुनाव की मांग की

बैलाडीला के किरंदुल बचेली स्थित एनएमडीसी से लौह अयस्क के परिवहन के लिए संचालित बैलाडीला ट्रक ओनर्स एसोसिएशन के सदस्य आज बड़ी संख्या में दंतेवाड़ा पहुंचे व विधायक चैतराम अटामी को ज्ञापन सौंपकर संस्था का चुनाव करवाने की मांग की। विधायक से चर्चा में सदस्यों ने वर्तमान संचालित कमेटी के कार्य प्रणाली पर नाराजगी जताई और बताया कि बिना किसी निर्वाचन या आम चुनाव के जो भी बीटीओए का संचालन कर रहा है उसे तत्काल प्रभाव से हटाकर विधिवत निर्वाचित कमेटी द्वारा चुनाव करवाया जाये। विधायक ने सदस्यों की बात सुनी और सारे सदस्यों के साथ कलेक्टर दंतेवाड़ा मयंक चतुर्वेदी से मुलाकात कर मामले की विस्तृत जानकारी दी। सदस्यों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा और चर्चा उपरांत बीटीओ के बायलॉज अनुसार निर्णय लिया गया है कि बीटीओ का जब तक चुनाव संपन्न नहीं हो जाता संचालन पूर्व निर्वाचित कमेटी ही करेगी क्योकि उसके बाद किसी भी तरह का चुनाव बीटीओए में नहीं हुआ है, और 17 जुलाई से पहले बीटीओ की पूर्व निर्वाचित कमेटी चुनाव संपन्न करवाएगी। जिसके पश्चात बीटीओ के सदस्य किरंदुल संस्था कार्यालय पहुंचे और बैठक आयोजित की। जिसमे यह निर्णय लिया गया कि 17 जुलाई से पूर्व चुनाव संपन्न कराया जायेगा सचिव गौरांग साहा ने इसकी घोषणा की। लगातार बीटीओ के सदस्यों द्वारा विधिवत चुनाव की मांग की जा रही थी कुछ चुनिंदा लोगों के तानाशाही से बीटीओ संचालित हो रहा था जिसका विरोध सदस्यों द्वारा किया जा रहा था। विधायक ने कहा की बीटीओए के सदस्यों से आग्रह है कि शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव करवाएं और जो निर्वाचित हो वही संचालन करें।



### दो गुटों के टकराव से चिंता बढ़ी

*संस्था में 2022 में 800 से 900 गाड़ियां थी अब 1494 तक संख्या बढ़ गयी है। जो ट्रक मालिकों के लिए चिंता बनी हुई है और वे विधिवत चुनाव की मांग तथा इस मनमानी का विरोध कर रहे है। दो गुटों की आपसी टकराव के बीच प्रशासन ने मध्यस्थता करते हुए मंगलवार सुबह 11 बजे संस्था के कार्यालय में तहसीलदार और पुलिस प्रशासन के मध्यस्थता में दोनों पक्षों के साथ-साथ सदस्यों को 30 जुलाई से पहले चुनाव कराने के लिए सहमति बनाई गई जिसकी रूपरेखा 6 जुलाई को आम सभा कर चुनाव आचार संहिता लागू करने की बात कही गई।*

## खबर संक्षेप

### हाट बाजारों में चला प्लास्टिक जब्ती अभियान



**दंतेवाड़ा।** गीदम विकासखण्ड के ग्राम पंचायत छिंदनार और बोदली साप्ताहिक बाजार में प्लास्टिक प्रतिबंध के अन्तर्गत ग्राम के ही गायता, पेरमा, वार्ड पंच, पटेल द्वारा साप्ताहिक हाट बाजार में प्लास्टिक कैरी बैग जब्ती कर प्लास्टिक झिल्लियों को स्वास्थ्य एवं पर्यावरण के प्रतिकूल बताते हुए ग्रामीणों को जागरूक किया गया। साथ ही छोटे दुकानदारों से आग्रह किया कि वे प्लास्टिक कैरी बैग के लेन-देन से बचें।

### जिले में स्टॉप डायरिया कैम्पेन की हुई शुरूआत

**दंतेवाड़ा।** जिला चिकित्सा विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार जिले में स्टॉप डायरिया कैम्पेन के शुभारंभ के तहत प्रचार-प्रसार जागरूकता के लिये चलित वाहन आज रवाना किया गया। इस मौके पर बच्चों एवं माता पिताओं को डायरिया से बचाव एवं उपचार के संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक के द्वारा जानकारी देते हुए ओआरएस पैकेट और जिंक का टेबलेट वितरण किया गया। इस दौरान जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस. मण्डल, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल डॉ. कपिल देव कश्यप, अधीक्षक डायरिया नियंत्रण नोडल डॉ. प्रियंका सक्सेना एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## जिला जेल में नये कानून पर बंदियों को दी गई समझाइश

# इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के माध्यम से होगी जांच : न्यायाधीश

### अब संदेह की गुंजाइश पर लगेगा विराम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

पूर्व के अधिनियम के अनुसार अधिकांश प्रकरणों में अभियुक्त को संदेह का लाभ प्रदान किया जाता था। चूंकि अब इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के माध्यम से जांच कार्यवाही को रिकार्ड कर अंतिम प्रतिवेदन के साथ विधिवत प्रस्तुत किये जाने से संदेह की गुंजाइश कम हो जायेगी। उक्त बातें जिला जेल में आयोजित नये कानून के विषय में बोलते हुए न्यायाधीश गितेश कुमार कौशिक ने कही।

1 जुलाई को जिला जेल सुकमा में विजय कुमार होता प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के निर्देश पर बंदियों के मध्य नवीन आपराधिक विधि संग्रह, भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के संबंध में चर्चा की गई। जिसमें मुख्य रूप से बताया गया कि 30 जून 2024 के रात्रि 12 बजे के पश्चात घटित अपराधों का विचारण उक्त नई





संहिता के अनुसार किया जायेगा। पूर्व के अपील आवेदन, विचारण, जांच एवं अन्वेषण का विचारण पुरानी आपराधिक संहिता के अनुसार किया जायेगा। इस कार्यक्रम में न्यायाधीश गितेश कुमार कौशिक मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, सुकमा उत्कर्ष भारती सहायक अभियोजन अधिकारी, राजेश कुमार बिसेन जेल अधीक्षक एवं कैलाश जैन प्रतिधारक अधिवक्ता के साथ जेल के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### अच्छा जीवन व्यतीत करें

न्यायाधीश कौशिक ने बंदियों को समझाईश देते कहा कि ऐसा कोई कार्य न करें, जो अपराध की श्रेणी में आता हो। जेल से रिहा होने के बाद अपने परिवार के साथ अच्छा जीवन व्यतीत करें और छत्तीसगढ़ शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक जानकारी प्राप्त कर लाभ प्राप्त करें। समाज की उन्नति में अपनी भागिता सुनिश्चित करें।

### अपराध से तौबा कर लें

वरिष्ठ अधिवक्ता कैलाश जैन ने बंदियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय दंड संहिता के स्थान पर भारतीय न्याय संहिता आज से लागू हो गई है। साथ ही साथ दंड प्रक्रिया संहिता के स्थान पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं नवीन भारतीय साक्ष्य अधिनियम आज से प्रभावशील हो गए है। जैन ने बंदियों से कहा कि अब अपराध में और ज्यादा सजा का प्रावधान है, इसलिए जब भी जेल से रिहा हो, अपराध से तौबा कर लें, और ऐसी किसी गतिविधि में शामिल न हो जो अपराध की ओर ले जाती हो। साथ ही अपने बच्चों को स्कूल भेजें और उन्हें शिक्षित करने पर जोर दें। अब नए कानून में सामाजिक न्याय की भी व्यवस्था की गई है। जिसके तहत छोटे अपराधों में समाज सुधार अथवा साफ-सफाई के काम भी कराए जाएंगे।

### अब नही मिलेगा संदेह का लाभ

जिला जेल में आयोजित कार्यक्रम में न्यायाधीश गितेश कुमार कौशिक ने कहा कि नवीन आपराधिक संहिता पूर्व आपराधिक संहिता से ज्यादा कारगर एवं प्रभावशील है। नये अधिनियम के अंतर्गत जांच में इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का उपयोग किया जायेगा, जिसमें संदेह उत्पन्न होने की कोई भी संभावना नहीं होगी। पूर्व के अधिनियम के अनुसार अधिकांश प्रकरणों में अभियुक्त को संदेह का लाभ प्रदान किया जाता था। चूंकि अब इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के माध्यम से जांच कार्यवाही को रिकार्ड कर, अंतिम प्रतिवेदन के साथ विधिवत प्रस्तुत किये जाने से, संदेह की गुंजाइश कम हो जायेगी।

## नए आपराधिक कानून लागू होने पर लोगों को दी जानकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ मद्देड़

नए आपराधिक कानून की जानकारी देने के लिए आज भोपाल पटनम ब्लॉक के पुलिस थाना मद्देड़ में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें भोपाल पटनम एसडीओपी मयंक रणसिंह व थाना प्रभारी रवि शंकर साहू ने उपस्थित लोगों को इस नए लागू कानून के विषय में विस्तृत जानकारी दी।

उन्होंने कहा 1 जुलाई से भारतीय न्याय संहिता में एक बड़ा बदलाव हो गया है। रात 12 बजे के बाद नया कानून लागू हो गया है। केंद्र सरकार द्वारा लाए गए इस बदलाव के तहत भारतीय न्याय संहिता में कई धाराएं बदल गई है। इस बदलाव के बाद आमजन को इसकी सही जानकारी उपलब्ध हो, इसलिए पुलिस विभाग के द्वारा जिले के सभी थाना परिसर में इसके लिए कार्यक्रम आयोजित किये जा रहें है। इसी कड़ी में मद्देड़ थाने में आयोजित कार्यक्रम में ग्राम वासियों, व्यापारियों, सामाजिक संगठनों, जन प्रतिनिधियों, पत्रकार साथियों, कोटवारों व ग्रामीणजनों को इस नए कानून की जानकारी दी गई।

### अब इन धाराओं के तहत होगी कार्रवाई

अब तक हत्या के आरोप में 302 के तहत कार्रवाई होती थी। लेकिन अब इस मामले में भारतीय न्याय संहिता की धारा 103 अ के तहत कार्रवाई होगी, ऐसे ही धोखाधड़ी करने वालों पर धारा 420 के तहत अपराध दर्ज होता था, इसमें भी अब बदलाव किया गया है। भारतीय न्याय संहिता की धारा 358 कर दिया गया है, मॉब लीचिंग के अपराध में अब फांसी की भी सजा हो सकती हैं। इसी तरह दुष्कर्म के लिए 376 की जगह 64 बीएस लगाई जाएगी। आईपीसी 1960 की 511 धारा थी, जिन्हें अब नए कानून भारतीय न्याय संहिता में घटाकर 358 कर दिया गया है। इस अवसर पर एएसआई द्वय भगत सिंह नेताम व रामयश पटेल, डॉक्टर ज्योति मंचारला, गरिमा वट्टी, सुनील कुमार, अजय कंवर, प्रतिमा उपेंडी, लता मंडावी, गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधिगण, ग्राम सरपंच, पटेल सहित अन्य ग्रामीणजन, ग्राम के कोटवार व पुलिस थाना स्टॉफ उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने भोपालपटनम ब्लॉक का किया दौरा

# मूलभूत सुविधा व विकास कार्यों का लिया जायजा



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपालपटनम

कलेक्टर अनुराग पाण्डेय ने शुक्रवार को भोपालपटनम ब्लॉक का औचक निरीक्षण कर विभिन्न मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली तथा विकास कार्यों में प्रगति लाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान सर्वप्रथम देशी-विदेशी मदिरा दुकान का औचक निरीक्षण कर दुकान खुलने के निर्धारित समय पर ही मदिरा विक्रय करने निर्धारित मात्रा से अधिक का मदिरा विक्रय नहीं करने तथा निर्धारित राशि से अधिक मूल्य पर मदिरा विक्रय नहीं करने के सख्त हिदायत दी।

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के अवलोकन के दौरान अस्पताल में मरीजों को मिलने वाली सुविधाएं, स्वास्थ्य सेवाओं, अस्पताल परिसर की स्वच्छता संबंधी आवश्यक निर्देश दिए। वहीं अस्पताल परिसर में उपलब्ध पुराने जनरेटर का अपलेखन कर नए जनरेटर स्थापित करने के निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान सहकारी सेवा समिति में खाद-बीज का वितरण किया जा रहा था। कलेक्टर ने खाद-बीज का वितरण समुचित मात्रा में समय-सीमा पर किसानों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। तत्पश्चात भोपालपटनम के तारलागुड़ा के कोत्तूर पंचायत में तेन्दूपत्ता संग्राहकों को पारिश्रमिक राशि का नगद भुगतान कार्यक्रम में शामिल होकर संग्राहकों से आवश्यक चर्चा करते हुए शासन की विभिन्न योजनाओं से अवगत कराते हुए शत-प्रतिशत योजनाओं का लाभ लेने प्रोत्साहित किया गया एवं शासन की योजनाओं से लाभान्वित होने के लिए बैंक खाता, आधार कार्ड इत्यादि की उपयोगिता को विस्तृत रूप से बताया गया। भद्रकाली में 133 केव्ही सब स्टेशन निर्माण कार्य समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। अनावश्यक विलंब पर ठेकेदार के ऊपर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

कलेक्टर ने इस दौरान इन्द्रावती नदी घाट का अवलोकन कर घाट में साफ-सफाई एवं स्वच्छता संबंधी निर्देश दिए। आम नागरिकों के मांग पर इन्द्रावती नदी पर आरती कार्यक्रम के आयोजन पर सकारात्मक चर्चा भी किया। बरसात के मौसम को मद्देनजर रखते हुए इन्द्रावती नदी के बहाव पर सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए। वहीं नदी के इस पार सामुदायिक भवन के समीप रेत का वृहद स्तर पर भंडारण का अवलोकन करते हुए मौके पर उपस्थित राजस्व अधिकारी को जांच के निर्देश दिए। भ्रमण के दरमियान एक्सिस बैंक शाखा का औचक निरीक्षण करते हुए स्व सहायता समूह, केसीसी एवं अन्य व्यक्तिमूलक, हितग्राहीमूलक प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर दिलीप उईके, एसडीएम भोपालपटनम वायके नाग, सीईओ जनपद पंचायत सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

**कई महीनों से नहीं मिल रहा पेंशन, बुजुर्ग ग्रामीण परेशान**

## पेंशन नहीं मिलने को लेकर जनपद कार्यालय पहुंचे ग्रामीण



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपालपटनम

*बारेगुड़ा व वाडला पंचायत में कई सालों से पेंशन कि समस्या से परेशान बुजुर्ग अपनी कठिन फरियाद लेकर जनपद कार्यालय पहुंच खाली हाथ लौटे है। बारेगुड़ा के गुरला लक्ष्मी, गुरला कृष्णावेणी, नेगुड़ा लक्ष्मी, मोरला लक्ष्मैया, चेन्डे लक्ष्मी और वाडला पंचायत के चिड़ेम बन्डेबाई, मल्लूबाई मड़े, शांताबाई चिड़ेम, बन्डेबाई चिड़ेम, दूबा चिन्नूबाई, चिड़ेम लक्ष्मी, चिड़ेम चिन्नाका, चिड़ेम सम्माका, मड़े बीरे, मड़े मुत्ति, मड़े वंगा, मड़े जोगा, मड़े नागुबाई, मड़े जोगाबाई, यालदी अम्माका को कई महीनों से पेंशन नही मिल रहा है। इन्होंने कई बार सचिव, सरपंच को पेंशन के बारे में बताया, लेकिन वो कुछ न कुछ बोलकर टाल देते थे। सोमवार को सब इकट्ठा होकर जनपद पंचायत कार्यालय पहुंचे। भोपालपटनम ब्लाक में कई वर्षों से पेंशन की समस्या खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। आए दिन दूर-दराज के ग्रामीण ब्लॉक मुख्यालय आकर भटकते रहते है। सोमवार को देखने को मिला कि पंचायत के पीड़ित ग्रामीण उठकर सीधे जनपद सीईओ से मिलकर अपनी समस्या सुनाने आये, लेकिन सीईओ जिला मुख्यालय मीटिंग में थे। इस वजह से उनकी मुलाकात नही हुई। जब जनपद सीईओ से इस विषय में बात की तो तत्काल उन्हें कार्यरोपन अधिकारी एस. एक्का को उनकी समस्या सुनने कहा। कई घंटों तक ग्रामीण आफिस की चौखट पर बैठे रहे, उसके बाद मायूस अपने घर लौट आए है। मितानिन कार्यक्रम के स्वास्थ्य पंचायत विकासखंड समन्वयक एवं मितानिन प्रशिक्षक के द्वारा जन संपर्क के दौरान 20 हितग्राही, उन्हें ऐसे मिले जिनको कई साल से पेंशन नहीं मिल रहा था। उनकी मदद से वे जनपद पंचायत पहुंचे थे।*

### सीईओ ने जारी किया नोटिस

*मामला संज्ञान में आने के बाद जनपद पंचायत सीईओ ने बारेगुड़ा और वाडला पंचायत को नोटिस जारी कर तीन दिवस के अंदर हितग्राहियों का पेंशन आवेदन पूर्ण कर संबंधित शाखों में जमा करने कहा गया है। यदि लापरवाही बरती गई तो उचित कार्यवाही करने की बात कही है।*

### सचिवों की लापरवाही

*एस. एक्का कार्यरोपन अधिकारी, नोडल अधिकारी पेंशनर्स ने कहा कि पंचायत सचिवों को इसकी जानकारी देनी होती है। लेकिन उन लोगों की लापरवाही की वजह से इन बुजुर्ग ग्रामीणों को पेंशन नही मिल रहा है।*

# देश का नया कानून, दण्ड संहिता से न्याय संहिता की ओर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर




1 जुलाई 2024 से देश में लागू हो रहे नये कानून की जागरूकता रैली में जिला बल, डीआरजी, गणमान्य नागरिक, पत्रकारगण एवं जन सामान्य ने हिस्सा लिया। रैली का आयोजन पूर्वान्ह 10 बजे से लोहा डोंगरी से प्रारंभ हुआ। रैली का समापन कोतवाली बीजापुर में हुआ। पुराने कानून में बदलाव के लिये दोनों सदनों में प्रस्ताव सितम्बर 2019 को लाया गया। 25 दिसम्बर 2023 को कानून में बदलाव का बिल पास हुआ। इस प्रकार 1 जुलाई 2024 से सम्पूर्ण राष्ट्र में नया कानून लागू हो गया। कोतवाली बीजापुर में आयोजित कार्यक्रम में उप पुलिस अधीक्षक विनीत साहू द्वारा स्वागत भाषण उपरान्त नवीन कानून, भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 एवं भारतीय साक्ष्य संहिता 2023 तीन नए कानूनों के संबंध में सभा में उपस्थित गणमान्य नागरिक, अधिकारी-कर्मचारी एवं जनसामान्य को अवगत कराया गया।

उप पुलिस अधीक्षक गरिमा दादर के द्वारा नये कानून में महिलाओं एवं बच्चों के विरूद्ध अपराध के संबंध में नये कानून में विशेष प्रावधान को बताया गया। उप पुलिस अधीक्षक तुलसीराम लेकाम द्वारा नये कानून में नागरिक एवं पीड़ित केन्द्रित दृष्टिकोण के संबंध में बताया गया। पुलिस अधीक्षक बीजापुर डॉ. जितेन्द्र कुमार यादव द्वारा नये कानून में हुए बदलाव, उनके लागू होने एवं थानों में किये जाने वाले व्यवहारिक कार्यप्रणाली से अवगत कराया गया है। जिले के समस्त थानों में नये कानून के अनुरूप कार्यवाही हेतु थानों में सम्पूर्ण तैयारी कर ली गई है। जिले के समस्त थानों में नये कानून में हुए बदलाव संबंध में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित अतिथिगण, उप महानिरीक्षक केरिपु बल देवेन्द्र सिंह नेगी, कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अनुराग पाण्डे के उद्बोधन उपरान्त राष्ट्रगान के साथ जिला मुख्यालय में नवीन कानून जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।

### सरस्वती शिशु मंदिर में मना शाला प्रवेश उत्सव



**गीदम।** प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय गीदम में शाला प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया। प्रवेश उत्सव में आचार्य-दीदियों ने तिलक वंदन कर भैया-बहनों का स्वागत किया। इसके पश्चात भैया-बहन, आचार्य व अभिभावक सभी लोगों ने भजन, कीर्तन, हवन-पूजन में भाग लिया। इसके पश्चात गणेश जी व मां सरस्वती की पूजा-अर्चना करके 1100 पूर्ण आहुतियां दी गई। प्रवेशित व नवप्रवेशित भैया-बहनों को अतिथियों द्वारा तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इस दौरान रामायण का पाठ भी किया गया। साथ ही आरटीई के तहत अध्ययन करने वाले बच्चों को पाठ्य पुस्तक सामग्री दी गई। हवन-पूजन, आरती उपरांत भैया-बहनों को प्रसाद वितरण किया गया। उपस्थित अभिभावक व भैया-बहनों को प्रवेश से संबंधित जानकारी प्राचार्य विजय कुमार दुबे ने दी।

# हिंदुओं को हिंसक कहना करोड़ों हिंदुओं का अपमान, माफी मांगे राहुल गांधी : बारसे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा



संसद में राहुल गांधी के हिंदुओं को हिंसक वाले बयान पर भाजपा जिला अध्यक्ष धनीराम बारसे ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए हिंदुओं के अपमान पर राहुल गांधी को हिंदू समाज से माफी मांगने की बात कही है। भाजपा जिला अध्यक्ष ने कहा कि राहुल गांधी विशेष समुदाय को खुश करने, हिंदुओं के लिए अपमानजनक बयान बाजी कर रहे हैं। राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी हिंदुओं से नफरत करते हैं। यह सबको पता था लेकिन आज संसद जैसे लोकतंत्र के मंदिर में एक संवैधानिक पद में बैठकर आज हिंदुओं को हिंसक बता दिया। पहले भी विपक्ष के घटक दल सनातन धर्म को खत्म करने की बात कर चुके हैं। जिसमें कांग्रेस का मौन समर्थन था, अब लोकसभा जैसे पवित्र मंदिर में हिंदू धर्म का अपमान कर रहे हैं। राहुल गांधी यह भूल चुके हैं कि देश के करोड़ों हिंदुओं को अपने हिंदू होने पर एवं अपनी सनातन संस्कृति पर गर्व है। सिर्फ तुष्टीकरण की राजनीति करने वाले राहुल गांधी सिर्फ वोट बैंक के लिए हिंदुओं को जात-पात के नाम पर भड़काकर एवं झूठी राजनीति करके इस बार नेता प्रतिपक्ष बन गए। पर इस तरह की बयान बाजी के कारण पिछले 10 वर्ष भारत की जनता ने उन्हें नेता प्रतिपक्ष की कुर्सी से भी दूर रखा। कांग्रेस हिंदुओं से नफरत करने के कारण ही लगातार तीसरी बार 100 सीट भी पार नहीं कर पाई। धनीराम बारसे ने कहा कि चुनाव के समय मौसमी हिंदू बनने वाले राहुल गांधी सिर्फ हिंदुओं का अपमान करना ही जानते हैं। अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में भी इसीलिए नहीं गए, क्योंकि उनके दिल में हिंदुओं के प्रति नफरत भरी है। चुनाव के समय हिंदू बनने का ढोंग करने वाले राहुल गांधी, भूल रहे हैं कि वह अब नेता प्रतिपक्ष है और इस संवैधानिक पद पर बैठकर सदन में इस तरह से बचकानी बयानबाजी करके राहुल गांधी ने साबित किया कि वह किसी भी संवैधानिक पद के लायक नहीं है। राहुल गांधी को विश्व के सभी हिंदुओं से माफी मांगनी होगी।

# बीईओ से मिले एसोसिएशन के पदाधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दरभा



नव पदस्थ खण्ड शिक्षा अधिकारी जगदीश पात्र से टीचर्स एसोसिएशन ब्लॉक इकाई दरभा के पदाधिकारी व सदस्यों ने मुलाकात कर उन्हें अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए आवेदन सौंपा। जिस पर बीईओ ने समस्याओं का हर संभव हल करने का आश्वासन दिया। बीईओ जगदीश पात्र संगठन में जिला सह सचिव भी हैं।

इस अवसर पर एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष राजेश गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष लुदरसन कश्यप, जिला संयोजक मंगलराम मौर्य, जिला संयुक्त सचिव तुलादास मानिकपुरी, विकासखंड अध्यक्ष बुधराम कश्यप, उपाध्यक्ष यशवंत सोनवानी, कोषाध्यक्ष वेणुधर जोशी, महिला प्रकोष्ठ ब्लॉक अध्यक्ष जुलेखा शाह, महामंत्री शहनाज खान, संकुल अध्यक्ष मनीराम नाग, देवेन्द्र ठाकुर, जितेश द्विवेदी, पंचराम मरावी, दुलसाय सोढ़ी, योगेश ध्रुव, भरत बघेल, प्रताप राज, विजय चौरे, दुर्गेश गंगराले, रमेश यादव, समलु नाग, लिखनदास अरचो, अंजना बैद्य, बुधियारिन खुटे, नन्दू नाग तथा इस समय बीआरसी दरभा समलूराम कश्यप, प्रधान अध्यापक प्रकाश मोरे तथा अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं विशेष रूप से उपस्थित रहे।

**न्यायालय तहसीलदार, (नजूल), जगदलपुर जिला, बस्तर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र./202405150100024/36/ब-121/2023-24
निवासी-हिकमीपारा दलपत सागर वार्ड क्र.-18 जगदलपुर

**// उद्घोषणा पत्र //**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती सुकमती बघेल पति स्व. सुखलाल बघेल जाति भतरा निवासी-हिकमीपारा दलपत सागर वार्ड क्र.-18 जगदलपुर तहसील जगदलपुर जिला बस्तर (छ.ग.) के द्वारा अपने पति स्व. सुखलाल बघेल, पिता स्व. शिवनाथ बघेल जो कि शिक्षा विभाग अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहलई-02 तहसील बकावण्ड जिला बस्तर में व्याख्याता के पद पर पदस्थ थे। जिनकी मृत्यु दिनांक 06/02/2024 को हो गई है, तथा उसका वैध वारिस होना बताते हुए तहसीलदार (नजूल) जगदलपुर के न्यायालय में वारिसान प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है, जो प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय में प्राप्त होने पर प्रकरण प्रारंभ किया गया है।

उपरोक्तानुसार स्व. सुखलाल बघेल पिता स्व. शिवनाथ बघेल जाति भतरा निवासी हिकमीपारा दलपत सागर वार्ड क्र.-18 जगदलपुर का वारिसान प्रमाण पत्र जारी करने में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो वह अपने आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय की पेशी तिथि 13.06.2024 के पूर्व पेश कर सकते हैं नियत तिथि के बाद प्रस्तुत आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जावेगी।

उद्घोषणा पत्र आज दिनांक 30.05.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार (नजूल)
जगदलपुर

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), लोहण्डीगुड़ा, जिला बस्तर, (छ.ग.)**

**/ ईश्तहार /**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक गुलाब सिंह ठाकुर पिता श्री ईराम ठाकुर, जाति हल्बा साकिन बेनीधाराउर तहसील लोहण्डीगुड़ा जिला बस्तर के द्वारा ग्राम उसरीबेड़ा के प.ह.क्रं.-13 राजस्व निरीक्षक मण्डल चित्रकोट तहसील लोहण्डीगुड़ा जिला बस्तर में आवेदक के नाम पर स्थित खसरा क्रमांक 264 रकबा 0.056 हे. भूमि राजस्व अभिलेख पर दर्ज है। भूमि सभी प्रकार के ऋण भार एवं विवादों से मुक्त है। आवेदक अपने स्वामित्व कि उपरोक्त विवरण भूमि ख.नं. 264 रकबा 0.056 हे. भूमि में आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन करवाना चाहता है। आवेदक द्वारा आवेदित भूमि में व्यवसायिक हेतु कृषि भिन्न प्रयोजन से परिवर्तित करने हेतु बी-1 नक्शा, खसरा, शपथ पत्र, तलवाना फार्म एवं आवेदन पत्र सहित न्यायालय में धारा 172 छ.ग. भू.रा. संहिता के तहत प्रस्तुत किया गया है। इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः यदि कोई व्यक्ति/अधिवक्ता के माध्यम से अपना दावा, विधिवत प्रारूप तथा आवश्यक दस्तावेज के साथ कार्यालयीन समय में अनुविभागीय अधिकारी, राजस्व लोहण्डीगुड़ा के कार्यालय में दिनांक 10.07.2024 शाम 5:00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24.06.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर के साथ उद्घोषणा जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा)
लोहण्डीगुड़ा जिला बस्तर

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.), लोहण्डीगुड़ा जिला बस्तर, छत्तीसगढ़**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र./ अ-2/2023-2024

अश्वनी कुमार ठाकुर पिता प्रभुराम ठाकुर जाति हल्बा साकिन-एग्रीकल्चर कॉलेज, ग्राम+पोस्ट कुम्हरावण्ड, थाना परपा तहसील जगदलपुर जिला बस्तर..........................................आवेदक

विरूद्ध

छ.ग. शासन..................................अनावेदक

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है आवेदक अश्वनी कुमार ठाकुर पिता प्रभु ठाकुर जाति हल्बा साकिन-एग्रीकल्चर कॉलेज, ग्राम+पोस्ट कुम्हरावण्ड, थाना परपा तहसील जगदलपुर जिला बस्तर के द्वारा ग्राम उसरीबेड़ा प.ह.नं. 13 रा.नि.मं. चित्रकोट तह. लोहण्डीगुड़ा जिला बस्तर छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नंबर 264 रेगा 0.06 हेक. भूमि में से रकबा 2178 वर्गफुट भूमि वर्तमान के राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। भूमि सभी प्रकार के ऋण भार से मुक्त है। कोटवारी एवं शासकीय भूमि नहीं होना बताया है एवं सभी प्रकार के विवादों से सर्वथा शुद्ध एवं मुक्त है। आवेदक अपने स्वामित्व की भूमि में से 2178 वर्गफुट भूमि आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराना चाहता है।

आवेदक द्वारा दर्शित भूमि में आवासीय हेतु कृषि भिन्न प्रयोजन से परिवर्तित करवाना चाहता है इस हेतु बी-1, नक्शा, खसरा, शपथ पत्र, तलवाना फार्म एवं अन्य सुसंगत दस्तावेज सहित भू.रा.सं. की धारा 172 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन अनुसार उसरीबेड़ा प.ह.नं. 13 रा.नि.सं. चित्रकोट तह. लोहण्डीगुड़ा जिला बस्तर छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नंबर 264 रेगा 0.06 हेक. भूमि में से रकबा 2178 वर्गफुट भूमि का आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराया जाने हेतु जिस किसी व्यक्ति/संस्था व अन्य को कोई आपत्ति हो तो वे अपना आपत्ति/दावा इस न्यायालय के नियत तिथि 10/07/2024 के पूर्व स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति/ दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। नियमानुसार कार्यवाही किया जावेगा।

आज दिनांक 24/06/2024 को ईश्तहार न्यायालय की पद मुद्रा सहित मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
लोहण्डीगुड़ा जिला बस्तर

## खबर संक्षेप

### रूपक मुखर्जी मैच कमिश्नर नियुक्त



**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ फुटबॉल संघ के तत्वाधान में एनटीपीसी द्वारा 4 से 9 जुलाई तक बिलासपुर में जुनियर बालक फुटबॉल चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ फुटबॉल संघ ने प्रतियोगिता का सुचारू संचालन के लिए बस्तर के रूपक मुखर्जी को मैच कमिश्नर नियुक्त किया है। प्रतियोगिता में डीएफए बस्तर की टीम के अलावा दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर, रायगढ़, कोरिया, नारायणपुर, सूरजपुर, राजनांदगांव, धमतरी, बालोद, बीजापुर की टीम भाग लेंगे। छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिला से 8 रैफरी के सहयोग से मैच का संचालन किया जाएगा। यह जानकारी डीएफए बस्तर के सचिव दिलीप दास ने दी है।

### अस्थियों का विसर्जन आज

**जगदलपुर।** सक्षम के अविनाश सिंह गौतम ने जारी बयान में कहा कि 3 जुलाई को प्रातः 8 बजे मुक्तिधाम में कोरोना काल में मृत अज्ञात लोगों की अस्थि का विसर्जन भद्राचलम में किया जाएगा।

### दो विद्युत फीडरों का किया मेंटनेंस



**जगदलपुर।** विद्युत कंपनी इन दिनों बारिश से पूर्व उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए विद्युत लाईन का मेंटनेंस किया जा रहा है। इसके तहत शहर के 11 केव्ही टाउन 3 फीडर, बस्तर फीडर का मेंटनेंस मंगलवार को किया गया। इससे बोधघाट रोड, डोंगरीपारा, पम्प हाउस, दुर्गा मंदिर चौक, गुप्ता भवन, इंडस्ट्रियल क्षेत्र, आकाश नगर, अयप्पा मंदिर, किसान बेकरी, रेन बसेरा, साई मंदिर, नयामुंडा, राजीव गाँधी वार्ड, तिरंगा चौक, तेतरखुटी पारा, अघनपुर, कंगोली पुजारी पारा, खालेपारा, कोतवाल पारा, तिलकनगर एवं सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल एवं आसपास के क्षेत्र उपभोक्ता प्रभावित रहे।

### वन महोत्सव दिवस पर पौधारोपण



**जगदलपुर।** वन महोत्सव दिवस पर प्रतापदेव वार्ड में नगर निगम सभापति यशवर्धन राव तथा सिंधी समाज अध्यक्ष मनीष मूलचंदानी ने पौधरोपण किया। पौधे की सुरक्षा के लिए लोहे की जाली लगाई गई। इस दौरान राजाराम नवतानी, चंद्रा देवी नवतानी, विनय व बसंत मेघानी ने पौधे की सुरक्षा की जिम्मेदारी ली।

### लाभार्थी जजेंद्री ठाकुर को मिला दो लाख का चेक

**जगदलपुर।** कलेक्टर विजय दयाराम के. ने प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के लाभार्थी जजेंद्री ठाकुर को दो लाख का चेक वितरण किया। जजेंद्री ठाकुर ने बीमा योजना का लाभ दिलवाने के लिए कलेक्टर को आवेदन दी थी, जिसे कलेक्टर ने समय सीमा के प्रकरण दर्ज कर लीड बैंक मैनेजर को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किए। लीड बैंक मैनेजर ने संबंधित बैंक से सम्पर्क कर बैंक ऑफ बड़ौदा के द्वारा जजेंद्री ठाकुर को चेक जारी करवाकर मंगलवार को जिला कार्यालय में आयोजित समय सीमा की बैठक में चेक वितरण करवाया।

---

### पार्षद ने विधायक को पत्र लिख वार्ड परिसीमन में सम्मिलित करने की मांग की

# धरमपुरा साईं मंदिर से तेतरकुटी मार्ग का हाल-बेहाल, जगह-जगह गड्ढे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

छत्रपति शिवाजी वार्ड की समस्याओं का निराकरण लंबे समय से नहीं होने से नाराज वार्ड पार्षद सुषमा कश्यप ने विधायक किरण देव को पत्र लिख वार्ड की गम्भीर समस्याओं का निपटारा करने की मांग की है। पार्षद विधायक निवास पहुंच उन्हें वार्ड समस्याओं की जानकारी देते कहा कि बड़े वार्ड होने से कम सफाई कर्मियों की व्यवस्था से समस्या से लोग परेशान हैं। वार्ड परिसीमन में छत्रपति शिवाजी वार्ड को प्राथमिकता में रखें। नगर निगम क्षेत्र के सबसे बड़े वार्ड में सम्मलित साढ़े 3 हजार जनसंख्या के 3 किमी रेडियस में फैले वार्ड में लगातार मूलभूत समस्या का अभाव बना है। महापौर और आयुक्त से अनेक मर्तबा शिकायत बाद भी इसका निराकरण



नही किया जा रहा है।

पत्र में उल्लेख करते वार्ड की अव्यवस्थित सड़कों, सफाई व्यवस्था और जल निकासी की समस्याओं पर ध्यान आकर्षित कराया है। पार्षद ने बताया कि वर्ष 2008 के परिसीमन के बाद अघनपुर पंचायत को नगर निगम में सम्मिलित किया गया। जिससे वार्ड की आबादी का लगभग 60 प्रतिशत हिस्सा स्लम ग्रामीण क्षेत्र में है। वर्ष 2019 की मतदाता सूची के अनुसार, वार्ड की वोटर संख्या 3411 है, जिसमें से 1055 वोटर वार्ड क्रमांक 46 के हैं,यह असंतुलन विकास में बाधक बन रहा है।

#### खराब सड़क से गुजरते हैं छात्र और ग्रामीण

वार्ड में मुख्य समस्या सड़क की है, जो धरमपुरा साई मंदिर से गीदम रोड (वन विद्यालय) तक जाती है, की दयनीय स्थिति पर चिंता व्यक्त की है। इस सड़क का उपयोग विद्यालय, महाविद्यालय, मेडिकल छात्र, मरीज और अन्य शहरी एवं ग्रामीणजन करते हैं। निगम और जिला प्रशासन ने कभी इस मार्ग को विकास कार्य योजना में सम्मिलित नहीं किया, जिससे यह सड़क अत्यधिक खराब हो चुकी है।

#### रहवासी अपने मूलभूत सुविधा से वंचित

सोमवार को पार्षद ने विधायक से कार्यालय में मिलकर समस्याओं पर चर्चा की और समाधान के लिए अपील की। साथ ही स्पष्ट किया कि कि छत्रपति शिवाजी वार्ड की जनता को अपने मूलभूत अधिकारों के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। निगम प्रशासन को इन समस्याओं के निराकरण के लिए अविलंब कदम उठाने की आवश्यकता है।

#### न्यू हाउसिंग बोर्ड कालोनी में सफाई नहीं

पार्षद ने विधायक का पत्र के माध्यम से ध्यानाकर्षण कराते कहा कि निजी कॉलोनियों और नवीन हाउसिंग बोर्ड के 200 मकानों की जल निकासी और साफ-सफाई की समस्याओं का लगातार अभाव बना है। इतने बड़े वार्ड में केवल तीन सफाई कर्मी कार्यरत हैं, जो सफाई व्यवस्था के लिए अपर्याप्त हैं। उन्होंने कहा कि निगम प्रशासन ने अभी तक कांक्रीट रोड कार्य के लिए कोई कदम नहीं उठाया है, जबकि उन्होंने पार्षद मद से कराने की सहमति तीन माह पूर्व ही दे दी थी। उन्होंने विधायक से मांग करते कहा कि बारिश से पहले वार्ड का अवलोकन कर समस्याओं का निराकरण करें।

---

## बस्तर की निधि ने कत्थक नृत्य से स्टील सिटी में पाया सम्मान




हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर की कत्थक नृत्यांगना सुश्री निधि रावल ने स्टील सिटी भिलाई के कला मंदिर में अपने नृत्य से दर्शकों को प्रभावित कर अतिथियों से सम्मान पाया। विशेष रूप से निधि रावल को सिविक सेंटर भिलाई के महात्मा गांधी कला मंदिर में कल्चरल नाईट के लिए आमंत्रित किया गया था। जहां उनकी प्रस्तुति की अतिथियों और विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने सराहना की। बस्तर की निधि रावल के अलावा कोलकाता के क्लासिकल म्यूजिशियन देबांजन भट्टाचार्य विशेष रूप से आमंत्रित थे। जिन्होंने लगभग 3 घंटे तक कल्चरल नाईट में अपनी प्रस्तुति से सबका दिल जीता। स्थानीय कलाकारों ने भी मंच में गीत और नृत्य प्रस्तुत किया। निधि रावल को विश्वविद्यालय के प्राचार्य तथा अन्य अतिथियों ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। विश्वविद्यालय तथा भिलाई इस्पात संयंत्र के कई अधिकारियों, प्रोफेसर समेत विदेशी अतिथि भी पूरे कार्यक्रम में मौजूद रहकर गीत, संगीत का देर रात तक आनंद लिया।

- छग स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय का कल्चरल नाईट

---

## उर्मिला आचार्य की कहानी संग्रह चहट चंपा का लोकार्पण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

उर्मिला आचार्य की प्रकाशित कहानी संग्रह चहट चंपा का लोकार्पण रविवार को संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि पद्मश्री धर्मपाल सैनी रहे। वक्ताओं ने कहा कि उर्मिला आचार्य ने अपने तीन संग्रह का उल्लेख किया है जिसमें सरगतारा, उजली धूप और चहट चंपा का। चहट चंपा में संग्रहित ग्यारह कहानियों के पात्रों को आप बीती और जग बीती का नाम दिया। कथाकार जगदीश चंद्र दास ने कहा कि विकास के नाम पर आज भी आम जनता विसंगतियों में जी रही है। यही इस संग्रह का मूल कथ्य है। साहित्यकार डॉ. योगेन्द्र मोतीवाला ने कहानी की लोक भाषा, लोक विषय की सराहना करते हुए संग्रह को भाषा भाव प्रवण की संज्ञा दी। कथाकार डॉ. योगेंद्र राठौर ने संग्रह की पहली कहानी छाड़पत्र को हिंदी कहानी साहित्य की एक महत्वपूर्ण कहानी मानते हुए उसकी भाव भूमि अशिक्षा, गरीबी, शोषण में जीती हुई तलाकशुदा महिला की पीड़ा की कहानी कहा। कवयित्री डॉ. सुषमा झा ने कहा कि मालती जोशी की तरह उर्मिला आचार्य कहानी लिखती नहीं कहती हैं इनकी कहानियां त्रियों के संघर्ष से उपजी हुई कहानियां है। कवि समीक्षक विजय सिंह ने बस्तर अंचल पर लिखने वाले विभिन्न साहित्यकारों का उल्लेख करते हुए कहा कि चहट चंपा उर्मिला के आसपास की दुनिया की कहानी है। भुतहा तालाब, पहेली जैसी कहानियों को इस संग्रह की महत्वपूर्ण रचनाएं माना। साहित्यकार अवध किशोर शर्मा ने चहट चंपा को बस्तर के संदर्भ में एक दस्तावेज की तरह स्वीकार किया और कहा कि जिला प्रशासन को इन कहानियों के संदर्भ में पड़ताल करते हुए आम जन जीवन की विकास गति को साधना होगा। डॉ राजेश सेठिया ने मेले का चश्मा छाड़ पत्र जैसी कहानियों को लेकर कहा कि इन कहानियों की आंचलिकता फणीश्वर नाथ रेणु की आंचलिकता और लाल पान की बेगम की याद दिलाती है। कवि खुदेजा खान ने कहा कि आंचलिक भाव भूमि पर नवजागरण की पुकार है चहट चंपा जो लोक जीवन, लोक संस्कृति से जुड़ी हुई है। एमए रहीम ने चहट चंपा कहानी के मुख्य पात्र अस्तु का चरित्र बस्तरिया युवाओं के पलायन का चरित्र माना है।

- साहित्यकारों ने कहानी संग्रह की विशेषताएं गिनाई

---

## आंगनबाड़ी व मितानीन को डायरिया रोकने का मिला प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरके चतुर्वेदी के निर्देश एवं खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरीश मरकाम के मार्गदर्शन में 1 जुलाई से 31 अगस्त तक डायरिया रोको अभियान चलाया जा रहा है। इसमें सेक्टर कोलावल के पाथरी एवं परवनागुड़ा आंगनबाडी केन्द्र में आगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं मितानीन को प्रशिक्षण ग्रामीण चिकित्सा सहायक अमित दास एवं स्वास्थ्य पर्यवेक्षक दिनेश पराते द्वारा डायरिया के लक्षण



प्रकार एवं बचाव बताया गया। इसमें मितानीन एवं आंगनबाड़ी को शून्य से पांच बर्ष के बच्चों के परिजन को ओआरएस एवं 14 जिंक की गोली वितरण करने हेतु बताया गया। ग्रामीणों को घरों के आस पास साफ, सफाई एवं खाना बनाने के पहले साबुन से हाथ धोने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से ग्रामीण चिकित्सा सहायक अमित दास, देवकी मौर्य, सीएचओ कुमारी कुंती साहनी, एएनएम कमेश्वरी ठाकुर, हरिसिंह बघेल, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रायमली नेताम, सुकमती बघेल, पदना कश्यप, भगवती नेताम, निलावती मांझी, शांती बेसरा, सरपंच श्रीमती सोनमती कश्यप, हिरन यादव, सतनी बघेल, तनावली कश्यप, सुकमती बघेल शामिल रहे।

---

## पेंशन राशि पाने के लिए भटक रहे वृद्ध और दिव्यांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

जनपद पंचायत भोपालपटनम के अंतर्गत पेंशनधारी वृद्धजनों, विधवा, परित्यक्ता एवं दिव्यांगजनों को दी जाने वाली पेंशन राशि का भुगतान कई महीनों से नहीं होने से अनेक पेंशनधारी कठिन परिस्थितियों में जीवन यापन करने पर मजबूर है। शासन द्वारा सामाजिक सुरक्षा, वृद्धावस्था, विधवा, सुखद सहारा एवं मुख्यमंत्री सहायता पेंशन जैसे पांच प्रकार की योजनाओं के तहत बेसहारा लोगों को प्रतिमाह 500 पेंशन दिए जाने का प्रावधान है। किंतु प्रशासन की बेपरवाह के चलते हितग्राहियों को प्रतिमाह नियमित रूप से पेंशन राशि का भुगतान न मिलने से हितग्राही दर-दर भटकते नजर आते है। यह बातें जिला पंचायत सदस्य बसंत राव ताटी ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कही। उन्होंने कहा कि अशिक्षित गरीब बेसहारा हितग्राही प्रतिमाह 500 रूपये प्राप्त करने की आश लगाएं बैंकों का चक्कर लगा-लगाकर थक हार जाते हैं। लेकिन उन्हें पेंशन की राशि प्राप्त करने में सफलता हासिल नहीं होती। पेंशनधारी हितग्राहियों का बैंक खाता होने के बावजूद भी उन बैंक खातों में पेंशन की राशि इसलिए ऑनलाइन नहीं आ पाता क्योंकि उन खातों का जिम्मेदार व्यक्तियों द्वारा डी.वी.डी. नहीं कराया गया है। बैंकों की प्रक्रिया के तहत जब तक हितग्राहियों के बैंक खातों का डी.वी.डी. नहीं कराया जाता तब तक पेंशन की राशि संबंधित हितग्राहियों के बैंक खातों में जमा नहीं होगी। पेंशनधारी हितग्राहियों के साथ संबंधित बैंक अधिकारियों का रवैया संतोषप्रद नहीं रहता जिस कारण सही जानकारी के अभाव में हितग्राही पेंशन के लिए अनावश्यक बैंकों का चक्कर लगाते फिरते हैं। उन्होंने सुझाव देते हुए कहा कि पेंशन पाने वालों में अधिकांश हितग्राही बुजुर्ग एवं दिव्यांग शामिल है जिस कारण उन्हें बैंक के माध्यम से पेंशन प्राप्त करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। उनकी इस गंभीर समस्या के प्रति मानवीयता के आधार पर विचार करते हुए पेंशन राशि का नगद भुगतान किया जाना न्यायोचित होगा। पेंशन राशि का नगद भुगतान करने के लिए पांच सदस्यी कमेटी का गठन किया जाना चाहिए ताकि भुगतान की प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहे।

- बैंक कर्मियों के रूखे व्यवहार से खाते में नियमित जमा नहीं हो रही रकम

---

## डेंगू की रोकथाम के लिए स्वयं जागरूक होना पड़ेगा: दीप्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर व आसपास के इलाकों में डेंगू का प्रकोप लगातार बढ़ रहा है। विगत एक सप्ताह से स्वास्थ्य विभाग व नगर निगम अमला शहर के अलग-अलग वार्डो में डोर टू डोर संपर्क कर लोगों को डेंगू के लक्षण व बचाव के उपाय बता रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री व सुभाष वार्ड की पार्षद दीप्ति पांडे ने जारी बयान में शहरवासियों से अपील की है कि अपने घर व आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखें। संदेहास्पद मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण तत्काल करवाया जाए। जहां पर गंदगी हो साथ ही डेंगू लार्वा जहां पनप रहा हो उस स्थान की सफाई तत्काल करवाई जाए। बुखार के मरीज का स्वास्थ्य परीक्षण तुरंत करवाया जाए। उन्होंने कहा कि डेंगू के रोकथाम के लिए हमे स्वयं जागरूक होना पड़ेगा। जन जागरूकता से डेंगू के प्रकरणों में लगातार कमी आ रही



है। अपने घरों में पानी को जमा होने न दें नियमित साफ सफाई करें। अपने आप को जितना हो सके सुरक्षित रखें। मच्छरदानी का उपयोग करें। स्वास्थ्य विभाग की टीम लगातार सर्वे कर रहा है। एएनएम, मितानिन, महिला आरोग्य समिति के सदस्य इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। बुखार या डेंगू के लक्षण आने पर तत्काल अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जांच करवाएं। सभी शासकीय स्वास्थ्य केंद्रों में डेंगू की जांच व उपचार सुविधा निशुल्क उपलब्ध है।

- शासकीय स्वास्थ्य केद्रों में जांच व उपचार की सुविधा

---

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाओं की समस्याओं का समाधान करने होगा प्रयास: देव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर संभाग के आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं ने मंगलवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक किरण देव से कार्यालय में मुलाकात कर मांगों को रख समस्या से अवगत कराया। संघ के नवनियुक्त संभाग अध्यक्ष भगवती कश्यप ने विधायक को मांग पत्र सौंपा। विधायक ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका की समस्या को संबंधित विभाग के मंत्री से चर्चा कर समाधान करने का प्रयास किया जाएगा। इस दौरान जिला अध्यक्ष रुपसिंह मंडावी, पांच जिले के



आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका संघ के अध्यक्ष, सचिव, पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थे।

---

## उत्कृष्ट कार्य से समाज और क्षेत्र में बनती है बेहतर पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

राष्ट्रीय डॉक्टर्स डे और चार्टर्ड अकाउंटेंट डे के मौके पर रोटरी एवं इनरव्हील क्लब के संयुक्त तत्वावधान में शहर के जाने-माने डॉक्टरों और चार्टर्ड एकाउंटेंट्स का सम्मान किया गया। डॉ. आरबीपी गुप्ता, डॉ. खिलेश्वर सिंह, डॉ. राज गुप्ता, डॉ. तरुण नाईक, डॉ. कमलेश कुमार धुरव, चार्टर्ड एकाउंटेंट्स डीपी मोहन्ती, आरबी श्रीवास्तव, अरविंद कौशिक का सम्मान किया गया। अध्यक्ष सीए विवेक सोनी ने अध्यक्षीय उद्बोधन एवं इनरव्हील क्लब की अध्यक्ष डॉ. सरिता थॉमस ने स्वागत भाषण दिया। संचालन अभिषेक मद्दी ने किया कार्यक्रम के चेयरमैन संदीप पारख थे। इस अवसर पर रोटरी क्लब के सदस्यगण, अतिथिगण और इनरव्हील क्लब की महिलाएं उपस्थित थीं। समारोह के दौरान वक्ताओं ने डॉक्टर्स और चार्टर्ड एकाउंटेंट्स की



निस्वार्थ सेवाओं और उनके योगदान की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि समाज के इन महत्वपूर्ण स्तंभों की सेवा और परिश्रम से ही समाज का समग्र विकास संभव है। इस दौरान रतन लाल जैन, हनुमंत राव, दिनेश कगोत, पुष्पी अग्रवाल, अशोक लुंकड़, राहुल जैन, अविनाश जैन, संजय बथवाल, जय प्रकाश चौड़ा, अमित जैन, मनोज थॉमस, कमल सेठी, श्रीधर राव, कमलेश गोलछा, चंद्रेश छाजेड़, सौरव अरोरा, अमरदीप सिंह सोढ़ी, कुलजीत सिंह, मोहित गोंदी, दीपक कपूर, नवीन भावसार, नीतेश सिंह चौहान, विजय हेलीवाल, जेपीएस अहलूवालिया, निखिल जैन, सरिता थॉमस, रेशमा चामड़िया और सूयांर्श लुंकड़ मौजूद थे।

- रोटरी और इनरव्हील क्लब ने किया डॉक्टर और सीए का सम्मान

---

### कलेक्टर ने ली राजस्व अधिकारियों की बैठक

# लंबित राजस्व प्रकरणों का निराकरण में तेजी लाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कलेक्टर विजय दयाराम के. ने कहा कि राजस्व अधिकारी अपने मूल कार्यों के बेहतर संपादन से अलग पहचान बनाए। सभी लंबित राजस्व प्रकरणों का निराकरण में तेजी लाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि राजस्व अधिकारी राज्य शासन के निर्देशानुसार सिटीजन चार्टर के प्रावधानों और लोक सेवा



गारंटी अधिनियम के निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें। कलेक्टर मंगलवार को जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक ले रहे थे।

बैठक में कलेक्टर ने राजस्व न्यायालय के प्रगति रिपोर्ट, राजस्व प्रकरणों की दर्ज-निराकरण के लंबित की स्थिति की समीक्षा करते हुए उन्होंने निराकरण के मासिक लक्ष्य के आधार पर आवश्यक प्रगति लाने के निर्देश दिए। इसके अलावा राजस्व प्रकरणों की मासिक प्रगति, भू- अर्जन के लंबित प्रकरणों की प्रगति, भू-अर्जन के भुगतान, अविवादित नामांतरण, विवादित नामांतरण, अविवादित खाता विभाजन, विवादित खाता विभाजन, सीमाकंन के प्रकरणों का न्यायालयवार समीक्षा, व्यपवर्तन, आरबीसी-6-4 के प्रकरणों, भू-राजस्व के बकाया राशि की वसूली, शीर्ष ब 121 के प्रकरण, त्रुटि सुधार और नक्शा बांटाकन के कार्य की प्रगति की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने नक्शा बांटाकन कार्य की प्रगति हेतु विशेष ड्राईव चलाकर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अविवादित नामांतरण के प्रकरणों का समय-सीमा से बाहर नहीं जाना चाहिए, दर्ज प्रकरणों के आधार पर निराकरण की संख्या भी ज्यादा होनी चाहिए। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत प्रकाश सर्वे, अपर कलेक्टर सीपी बघेल सहित सभी राजस्व अधिकारी मौजूद रहे।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
कॉस्मेटिक सर्जरी
झुर्रियां, झांई, दाग, तिल, अनचाहे बाल आदि (आधुनिक लेजर द्वारा), मुहांसे, दाग, नाक, होंठ, ठोड़ी, वक्ष, पेट आदि (प्लास्टिक सर्जरी द्वारा) तथा अंग कटने-जलने की
अति विशेष चिकित्सा.
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

मधुमेह
का सर्वोत्तम संस्थान
लाइफवर्थ हॉस्पीटल
समता कालोनी, रायपुर
हाई ब्लड शुगर का निदान
हाई बी.पी., बच्चों में मधुमेह
मधुमेह और मोटापा
थायराइड और मधुमेह
आँखों में धुंधलापन
पैर में घाव, नसों मे दर्द
समस्त खून जाँच, ईसीजी, ईको की सुविधा
88395 28080, 98261 31347
74404 95504
Ajay 9827144371